दैनिक भास्कर

# दो छैना फैक्ट्रियों पर छापा:टॉयलेट में रखा हुआ था रसगुल्ले से भरा ड्रम, चासनी में पड़ी थीं मक्खियां

**भिंड**



शहर के स्वतंत्र नगर में छेना फैक्ट्री पर कार्रवाई के बाद छेना नष्ट करते हुए।

- मिलावटखोरी- एमजेएस कॉलेज के सामने स्वतंत्र नगर में संचालित थीं छैना फैक्ट्री, पांच सैंपल भरे
- शादी समारोह और बड़े आयोजनों के साथ दिल्ली-गुजरात तक कर रहे थे छैना की सप्लाई

शहर के एमजेएस कॉलेज के सामने स्वतंत्र नगर में संचालित छैना बनाने की दाे फैक्टरी पर गुरुवार को पुलिस और प्रशासन की टीम ने दबिश दी तो यहां गंदगी के बीच छैना (रसगुल्ला) बनता हुआ मिला। एक फैक्ट्री में ताे छैना से भरा ड्रम टॉयलेट में रखा हुआ था। चासनी की कढ़ाई में मक्खियां पड़ी हुई थीं। प्रशासन ने फूड सेफ्टी ऑफिसर को बुलाकर इनके सैंपल कराएं। साथ ही फैक्ट्री के सामने ही सरकारी जमीन पर 10 फीट गहरा गड्ढा खुदवाकर उसमें 3 क्विंटल छैना, 2 क्विंटल दूध सहित अन्य सामग्री फेंककर नष्ट कराई।

दरअसल पुलिस और प्रशासन को लंबे समय से शहर में नकली छैना बेचे जाने की खबरें मिल रही थीं। इसी के चलते गुरुवार को सीएसपी आनंद राय और तहसीलदार प्रमोद गर्ग की टीम ने एमजेएस कॉलेज के सामने स्वतंत्र नगर में अरविंद बघेल की छैना फैक्ट्री पर दबिश दी जहां बड़ी मात्रा में नकली छैना बनता हुआ मिला। इसी के तत्काल बाद पुलिस ने इस फैक्ट्री के पीछे मुन्नेश बघेल निवासी काशीपुरा की फैक्ट्री पर भी दबिश दी। वहां भी यही स्थिति मिली। फूड सेफ्टी ऑफिसर रीना बंसल ने अरविंद बघेल की फैक्ट्री से छैना, पनीर और मावा का सैंपल लिया। फैक्ट्री पर रामबिहारी पुत्र अहिवरन बघेल निवासी स्वतंत्र नगर मौजूद था। वहीं मुन्नेश बघेल की फैक्ट्री से छैना के साथ घी का सैंपल लिया। इन सभी सैंपल को जांच के भोपाल राज्य प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। सैंपलिंग के बाद प्रशासन ने पूरा माल नष्ट करा दिया। साथ ही दोनों फैक्ट्रियों को सील कर दिया गया।

- 2.5 जाल में फंसाने प्रशासन ने 2.5 क्विंटल छैना बनाने दिलाया था ऑर्डर।
- 02 पुख्ता जानकारी पर प्रशासन ने शहर में स्वतंत्र नगर में दो फैक्ट्रियों पर छापा मारा।
- 03 तीन क्विंटल छैना और दो क्विंटल दूध व अन्य सामग्री जब्त की।
- 10 फीट गहरा गड्ढा खोदकर छैना और दूध को नष्ट कराया।

**प्रशासन ने ही दिलाया था ऑर्डर, सूचना पुख्ता होने पर मारा छापा, जब्त की सामग्री**

बताया जा रहा है कि सीएसपी आनंद राय ने ही एक व्यक्ति से अरविंद बघेल की फैक्ट्री पर 2.5 क्विंटल छैना बनाने का ऑर्डर दिलाया था। साथ ही एडवांस में कुछ रुपए भी दिए थे। वहीं तहसीलदार प्रमोद गर्ग ने भी बुधवार की शाम पहुंचकर 50 किलो छैना बनाने का ऑर्डर दे दिया। जब सूचना कंफर्म हो गई तो गुरुवार को पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त रूप से छापा मारा जहां से 2.5 क्विंटल छैना, 25 किलो पनीर, 15 किलो दूध की क्रीम, 80 किलो दूध सहित अन्य सामान मिला।

इसी कार्रवाई के दौरान मुन्नेश बघेल की फैक्ट्री पर भी छापा मारा जहां पर 50 किलो छैना, 20 किलो लूज छैना, 45 किलो घी, 50 किलो स्टार्च पाउडर, 1 टिन पॉम ऑयल आदि सामग्री मिली। साथ ही बगल वाले घर से काफी मात्रा में पॉम आयल के खाली टिन अन्य वारदाना भी मिला।

**संदेह... 60 रु. किलो बिक रहा दूध, 90 रु. किलो में बेच रहे छैना**

वर्तमान में दूध का भाव 60 रुपए लीटर चल रहा है। जानकारों की मानें तो एक लीटर दूध में 500 से 600 ग्राम छैना निकलता है। इसे तैयार करने पर करीब 50 से 60 रुपए लागत (शक्कर, गैस व अन्य मिलाई जाने वाली सामग्री मिलाकर) आती है। इसके अलावा मजदूरी अलग। इसके बावजूद इन फैक्ट्रियों पर छैना 90 रुपए किलो में बेचा जा रहा था। इसी से प्रशासन और पुलिस को लगा कि मिलावट की जा रही है।

**बड़े आयोजनों के साथ दिल्ली, गुजरात में रहे थे छैना की सप्लाई**

इन फैक्ट्रियों से शादी समारोह सहित अन्य बड़े आयोजनों में छैना सप्लाई किया जाता था। इसके अलावा शहर की कुछ दुकानों पर भी यहां से छैना सप्लाई किया जाता है। इसके अलावा छापामार कार्रवाई के दौरान जब पुलिस ने इन फैक्ट्रियों के दस्तावेज खंगाले तो पता चला कि यहां से छैना देश की राजधानी दिल्ली के साथ गुजरात के शहरों में भी सप्लाई किया जाता है। इन फैक्ट्रियों पर बीते वर्षों में भी खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम कार्रवाई कर चुकी है लेकिन इनका कारोबार लगातार जारी रहा। खास बात यह है कि मुन्नेश बघेल की फैक्ट्री पर लाइसेंस एक साल पहले ही एक्सपायर हो गया था। वहीं फैक्ट्री मालिक मुन्नेश ने बताया कि वह पहले दिल्ली में इसी तरह की फैक्ट्री में काम करता था जहां से काम सीखने के बाद उसने भिंड आकर खुद का कारोबार डाल लिया।

Source: https://www.bhaskar.com/local/mp/gwalior/bhind/news/a-drum-full-of-rasgulla-was-kept-in-the-toilet-flies-were-lying-in-the-chasni-128266564.html